



# न्यूज़ लेटर
## उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो

जनवरी- 2023

**अन्दर के पृष्ठों पर........**

- **उपलब्धियाँ**
- **सराहनीय कार्य**
- **आगामी गतिविधियाँ**
- **कल्याणकारी कार्य**

आदेश, गोष्ठी एवं भ्रमण

तकनीकी स्तम्भ

विविध

## सन्देश



विभाग में विद्यमान लगभग 48 प्रतिशत रिक्तियों के बावजूद उपलब्ध कर्मियों द्वारा विभिन्न अवसरों पर अतिसंवेदनशील व दूरस्थ स्थानों तक जाकर अतिरिक्त वायरलेस केन्द्रों एवं सीसीटीवी का अधिष्ठापन कराते हुए प्रदेश पुलिस को कानून एवं व्यवस्था बनाये रखने में योगदान दिया गया जिसके लिये सभी अधिकारी/कर्मचारी बधाई के पात्र हैं। पुलिस रेडियो कार्मिकों द्वारा वर्ष–2022 के दौरान सम्पूर्ण प्रदेश में पुलिस/प्रशासन को उत्तम कोटि की संचार व्यवस्था उपलब्ध कराने हेतु लगन एवं कठिन परिश्रम का परिचय दिया गया है। यह अत्यंत गर्व, हर्ष एवं सन्तोष का विषय भी है।

उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो वर्ष–2022 तक पुरानी एनालॉग वायरलेस टेलीफोनी प्रणाली को लगभग 44 प्रतिशत तक नवीनतम डिजिटल प्रणाली से प्रतिस्थापित करने में सफल रहा है।

वर्ष–2022 में विभाग ने कार्मिकों की कार्यकुशलता एवं तकनीकी दक्षता में अभिवृद्धि हेतु वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग जैसे दूरस्थ शिक्षा माध्यमों का निरन्तर उपयोग किया है। सीसीटीवी व डिजिटल तकनीक को अपनाये जाने की दिशा में विभाग द्वारा अपनी लगभग 35 प्रतिशत जनशक्ति प्रशिक्षित कर ली गयी है।

विभाग सरकार के 100 दिन एवं 06 माह पूर्ण किये जाने वाले लक्षित कार्यों को समय से पूर्व पूर्ण कर चुका है तथा 01 वर्ष हेतु लक्षित कार्य भी पूर्ण कर लेगा। यह कार्य आने वाले समय में विभाग के तीव्र तकनीकी उन्नयन में मील का पत्थर सिद्ध होंगे।

उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा सम्पन्न कार्यों, उच्चाधिकारियों के निर्देशों, पुलिस रेडियो कार्मिकों द्वारा सम्पादित उल्लेखनीय एवं महत्वपूर्ण गतिविधियों इत्यादि की जानकारी प्रदेश के सभी रेडियो कर्मियों को दिये जाने के उद्देश्य से दिसम्बर–2017 से उ0प्र0 पुलिस दूरसंचार के मासिक न्यूज लेटर का प्रकाशन किया जा रहा है। इस कार्य के 5 वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण होने पर मैं उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो के सभी कार्मिकों को बधाई प्रेषित करता हूँ।

नव वर्ष–2023 के अवसर पर मैं, सभी को नूतन वर्ष की शुभकामनायें प्रेषित करते हुए आगामी नगर निकाय निर्वाचन व सौंपे गये कार्यों को पूर्ण दक्षता एवं कुशलता से निष्पादित करने का आवाहन करता हूँ।

मुझे आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास भी है कि वर्ष–2023 में भी बल का प्रत्येक सदस्य कर्तव्यपरायणता के नये सोपानों की स्थापना के लिए दृढ़ संकल्पित होकर पूर्ण लगन, निष्ठा एवं समर्पण से कार्य करेगा।

(सुनील कुमार गुप्ता)
अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उ0प्र0

न्यूज़ लेटर
उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो

## सराहनीय कार्य

- निम्न भ्रमण कार्यक्रमों के दौरान निर्विघ्न संचार व्यवस्था स्थापित की गयी–

| दिनांक | जनपद |
|---|---|
| मा0 गृह मंत्री, भारत सरकार | |
| 16.12.2022 | वाराणसी |
| मा0 मुख्य मंत्री, उत्तर प्रदेश | |
| 18–19–20.12.2022 | गोरखपुर |
| 16.12.2022 | वाराणसी |
| 13.12.2022 | मथुरा |
| 11.12.2022 | वाराणसी |
| 09–10–11.12.2022 | गोरखपुर |
| 07.12.2022 | शाहजहाँपुर |
| 03–04.12.2022 | गोरखपुर |
| 02.12.2022 | मैनपुरी |

## पुलिस मुख्यालय के आदेश/निर्देश

- अपर पुलिस महानिदेशक, कानून–व्यवस्था, उ0प्र0 के पत्र संख्याः डीजी–आठ–93(03) 2020–02 दिनांक 22.12.2022 द्वारा कोविड–19 महामारी संक्रमण से बचाव के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा–निर्देशों का अनुपालन कराये जाने हेतु सर्वसम्बन्धित को निर्देशित किया गया है।

- पुलिस महानिरीक्षक, कानून–व्यवस्था, उ0प्र0 के पत्र संख्याः डीजी–आठ–93(03) 2020–100 दिनांक 01.12.2022 द्वारा "Proceedings of the webinars on Non Alcoholic Fatty Liver Desease (NAFLD), Heartfulness Meditation, CVD and Covid-19 conducted by Bureau of Polie Research & Development (BPR&D), Ministry of Home Affairs विषयक उप सचिव, गृह मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के पत्र संख्याः 25019/22/2022-PM-II दिनांक 24.11.2022 में अंकित तथ्यों के परिप्रेक्ष्य में नियमानुसार कार्यवाही कराये जाने हेतु सर्वसम्बन्धित को निर्देशित किया गया है।

## उ0प्र0 पुलिस रेडियो मुख्यालय के आदेश/निर्देश

- अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उ0प्र0 के आदेश संख्याः आर–1(पोस्टिंग)/2022 दिनांक 30.12.2022 द्वारा अधिकांश रेडियो कार्मिकों की रेडियो मुख्यालय की एक ही शाखा में लम्बे समय तक नियुक्ति रहने के कारण अन्य शाखाओं की कार्य प्रणाली से परिचित न होने के दृष्टिगत रेडियो मुख्यालय स्थित किसी भी शाखा में नियुक्त रेडियो निरीक्षकों की अधिकतम नियुक्ति अवधि 03 वर्ष एवं रेडियो उपनिरीक्षक से कर्मशाला कर्मचारियों की अधिकतम नियुक्ति अवधि 05 वर्ष किये जाने तथा तदोपरान्त समयावधि पूर्ण होने पर उनका पटल परिवर्तन किये जाने हेतु सर्वसम्बन्धित को निर्देशित किया गया है, ताकि इनके विभागीय ज्ञान में अभिवृद्धि हो सके।

- उपमहानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) मुख्यालय के स्थायी आदेश संख्याः सीए/एडीजी–1(28)2022 दिनांक 29.12.2022 द्वारा उ0प्र0 पुलिस रेडियो विभाग में फील्ड व रेडियो मुख्यालय में नियुक्त समस्त अराजपत्रित अधिकारियों को आकस्मिक अवकाश की स्वीकृति के सम्बन्ध में आदेश पारित किये गये हैं। इस सम्बन्ध में पूर्व पारित आदेश संख्याः सीए/एडीजी–1(28)2015 दिनांक 16.07.2015 तथा आदेश संख्याः सीए/डीआईजी(पी/टी) एचक्यू–1/2022 दिनांक 08.7.2022 को उपरोक्त सीमा तक संशोधित समझे जाने एवं तत्काल प्रभाव से लागू किये जाने हेतु सर्वसम्बन्धित को निर्देशित किया गया है।

- सहायक रेडियो अधिकारी, प्रशासन के ज्ञाप संख्याः एआरओ(ए)–5/2022 दिनांक 26.12.2022 द्वारा रेडियो मुख्यालय/जनपद लखनऊ की विभिन्न शाखाओं से प्राप्त होने वाले यात्रा भत्ता देयकों का परीक्षण करने पर कतिपय कई तरह की कमियॉ परिलक्षित होने के कारण देयक भुगतान में अनावश्यक विलम्ब, भुगतान हो जाने पर वित्तीय अनियमितता एवं भविष्य में ऑडिट आपत्तियों के दृष्टिगत यात्रा से सम्बन्धित कुछ अति महत्वपूर्ण नियमों का उल्लेख करते हुए यात्रा भत्ता प्रस्तुत करने वाले, यात्रा भत्ता अग्रसारित करने हेतु सक्षम अधिकारियों को भविष्य में चेकलिस्ट के अनुसार ही देयकों को प्रस्तुत/अग्रसारित करने हेतु सर्वसम्बन्धित को निर्देशित किया गया है।

- उपमहानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) मुख्यालय के कार्यालय ज्ञाप संख्याः एम–204/2014 दिनांक 15.12.2022 द्वारा शासन द्वारा समय–समय पर जारी नीति–निर्देशों में अराजपत्रित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की चरित्र पंजिकाओं में वर्ष 2022 की वार्षिक गोपनीय प्रविष्टि अंकित किये जाने की कार्यवाही प्रत्येक दशा में 15 मई 2023 तक पूर्ण किये जाने के निर्देश के क्रम में प्रतिवेदक तथा समीक्षक अधिकारी द्वारा अपनी संस्तुति/अभ्युक्ति प्रत्येक दशा में दिनांक 30.04.2023 पूर्ण कर उसे स्वीकर्ता प्राधिकारी को उपलब्ध कराये जाने हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये हैं।

शासनदेश संख्याः 173/6–पु0–I–05–51/199 दिनांक 09.06.2005 के अनुसार उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो विभाग के अराजपत्रित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की वार्षिक गोपनीय प्रविष्टि अंकित किए जाने के सम्बन्ध में प्रतिवेदक/समीक्षक/स्वीकर्ता प्राधिकारी निम्नवत हैं–

| क्र0 | पदनाम | प्रतिवेदक अधिकारी | समीक्षक प्राधिकारी | स्वीकर्ता प्राधिकारी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | संदेशवाहक/कर्मशाला कर्मचारी/सहायक परिचालक/कान्स (एम)/कान्स0 चालक | शाखा प्रभारी रेडियो निरीक्षक | – | सहायक रेडियो अधिकारी |
| 2 | प्रधान परिचालक/प्रधान परिचालक यॉत्रिक/एएसआईएम/कान्स0 एमटी | सहायक रेडियो अधिकारी | – | अपर राज्य रेडियो अधिकारी एवं जहॉ पर अपर राज्य रेडियो अधिकारी नियुक्त नहीं है वहॉ राज्य रेडियो अधिकारी। |
| 3 | रेडियो उपनिरीक्षक एवं शाखा प्रभारी/रेडियो निरीक्षक | सहायक रेडियो अधिकारी | अपर राज्य रेडियो अधिकारी | राज्य रेडियो अधिकारी |

- उपमहानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) मुख्यालय के आदेश संख्याः ओ–163/ 2021 दिनांक 15.12.2022 द्वारा निदेशानुसार उ0प्र0 पुलिस रेडियो विभाग में कार्यरत पुलिस रेडियो सेवा संवर्ग के समस्त राजपत्रित अधिकारी पदोन्नति, स्थानान्तरण एवं उपार्जित अवकाश पर यथासमय कार्यभार ग्रहण/हस्तान्तरण प्रमाण पत्र भरने के पश्चात उसे प्रतिहस्ताक्षर हेतु पुलिस रेडियो विभाग के सम्बन्धित पर्यवेक्षक राजपत्रित अधिकारी को भेजते हुए तद्नुसार स्थानान्तरण एवं उपार्जित अवकाश पर प्रस्थान/आगमन कराये जाने हेतु सर्वसम्बन्धित को निर्देशित किया गया है।

- अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उ0प्र0 के आदेश संख्याः सीए/एडीजी –1/2022 दिनांक 12.12.2022 द्वारा उ0प्र0 पुलिस रेडियो मुख्यालय में नियुक्त उपमहानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) के लिंक अधिकारियों के विषय में निर्गत पूर्व आदेशों को अतिक्रमित करते हुए निम्नानुसार अधिकारी के पदनाम के सम्मुख अंकित अधिकारी

को लिंक अधिकारी नामित किया गया है– 1. उपमहानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) प्रशिक्षण –उपमहानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) ऑपरेशन, 2. उपमहानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) मुख्यालय– उपमहानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) ऑपरेशन एवं 3. उपमहानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) ऑपरेशन– उपमहानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) प्रशिक्षण। उक्त 03 उपमहानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) में से 02 उपमहानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) के अवकाश पर रहने अथवा मुख्यालय से बाहर रहने की स्थिति में मुख्यालय में उपलब्ध उपमहानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) द्वारा उन दोनों उपमहानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) के लिंक अधिकारी के रूप में उनका कार्य देखे जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

- अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उ0प्र0 के आदेश संख्याः सीए/एडीजी–1/2022 दिनांक 07.12.2022 द्वारा पुलिस उपमहानिरीक्षक, दूरसंचार के स्थानान्तरण पर जाने के फलस्वरूप निम्नलिखित उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार)के मध्य प्रदेश के पुलिस जोन की संचार व्यवस्था के पर्यवेक्षण विषयक पूर्व आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए कार्यहित में उन्हें पुलिस जोन की संचार व्यवस्था का दायित्व निम्नानुसार सौंपा गया है–

1. श्री सत्य प्रकाश सिंह, उप महानिरीक्षक (दूरसंचार)–कानपुर, बरेली एवं प्रयागराज जोन, 2. श्रीमती सुनीता शर्मा, उप महानिरीक्षक (दूरसंचार)–लखनऊ, गोरखपुर एवं वाराणसी जोन एवं 3. श्री सुनील कुमार शुक्ला, उप महानिरीक्षक (दूरसंचार)–आगरा एवं मेरठ जोन।

- अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उ0प्र0 के आदेश संख्याः सीए/एडीजी –1/2022 दिनांक 07.12.2022 द्वारा श्री जुगुल किशोर, आई. पी.एस., पुलिस उपमहानिरीक्षक, दूरसंचार का स्थानान्तरण होने के फलस्वरूप पुलिस रेडियो मुख्यालय पर नियुक्त श्रीमती सुनीता शर्मा, उपमहानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) प्राविधिक के द्वारा उपमहानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) मुख्यालय को निर्धारित कार्यों का निष्पादन किये जाने के अतिरिक्त श्रीमती सुनीता शर्मा, उपमहानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) द्वारा अग्रिम आदेशों तक प्राविधिक, नियोजन, कर्मशाला शाखायें एवं केन्द्री भण्डार का भी पर्यवेक्षण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

## कल्याणकारी कार्य

- शीत ऋतु के दृष्टिगत निदेशानुसार दिनांक 26.12.2022 को रेडियो मुख्यालय/ जनपद लखनऊ में नियुक्त 92 चतुर्थ श्रेणी कार्मिकों को ट्रैक सूट वितरित किये गये।







- पुलिस रेडियो प्रशिक्षण केन्द्र स्थित होम्योपैथिक चिकित्सालय में दिसम्बर–2022 में 222 कार्मिकों का उपचार किया गया। चिकित्सक से आवश्यक परामर्श द्वारा दूरभाष भी प्रदान कराया गया।

## सेवानिवृत्ति

- उ0प्र0 पुलिस रेडियो से दिसम्बर–2022 में सेवानिवृत्त (अधिवर्षता आयु पूर्ण कर/ऐच्छिक) हुए निम्न 10 कार्मिकों को ससम्मान विदाई दी गयी– 1. अपर राज्य रेडियो अधिकारी, श्री रमेश चन्द्र, मुरादाबाद, 2. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री श्रीनिवास पाण्डेय, रेडियो मुख्यालय, 3. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री अभय कुमार श्रीवास्तव, बाराबंकी, 4. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री प्रेम शंकर तिवारी, मथुरा, 5. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री बंश बहादुर सिंह, बलिया, 6. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री अरूण कुमार अग्निहोत्री, 27वीं वाहिनी, 7. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री अशोक कुमार पाठक, रेडियो मुख्यालय, 8. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री विनय कश्यप, रामपुर, 9. प्रधान परिचालक/5603, श्री संजय कुमार चौरसिया, अमेठी एवं 10. प्रधान परिचालक/ 5875, श्री आनन्द स्वरूप पाण्डेय, वाराणसी।





## श्रद्धांजलि

- माह दिसम्बर–2022 में जनपद आगरा में नियुक्त रेडियो उपनिरीक्षक, श्री संजय कुमार का दिनांक 02.12.2022 को असामयिक निधन हो गया है।



उ0प्र0 पुलिस रेडियो के समस्त कार्मिक उक्त असामयिक निधन पर हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हुए उक्त श्री संजय कुमार के परिजनों को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने का संबल प्रदान की करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना करते हैं।

न्यूज़ लेटर
उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो

# झलकियाँ–2022



टफमैन अल्ट्रामेराथन दौड



अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस



आई0ए0एस0 प्रोबेशनर्स का मुख्यालय भ्रमण



जनपदों में नियुक्त कार्मिकों के मामलों में व्यक्तिगत सुनवाई



जन्माष्टमी–2022



आजादी का अमृत महोत्सव



विश्वकर्मा पूजा–2022



आजादी का अमृत महोत्सव



गाँधी जयन्ती पर पुरस्कार वितरण



दीपावली पर पुरस्कार वितरण

लेखन, सम्पादन एवं डिज़ाइन– श्री सत्य प्रकाश सिंह, उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार)
डिज़ाइन सहयोग–श्री अजय कुमार सोनकर, प्रधान परिचालक।